हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 मई 2024

04 अक्षय तृतीया के अवसर पर जय जय परशुराम...



07 अशोकनगर के गल्ला व्यापारी के यहां चोरी की बड़ी वारदात का खुला राज






## समाचार संक्षेप

### महाराणा प्रताप को माल्यार्पण और पुष्प वर्षा कर मनाई जयंती

**चांचौड़ा ।** महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को अंग्रेजी कैलेंडर अनुसार मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष पर विचार रखे और उनकी वीरगाथा सुनाई। महाराणा प्रताप चौराहा मनोहरथाना रोड़ चांचौड़ा पहुंचे और सबसे पहले उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा की गई । इस अवसर पर मनोज सिंह राठौड़, मुकेश सिंह जादौन, बहादुर सिंह राठौड़ ठेकेदार पूर्व अध्यक्ष राजपूत समाज, मुरारी सिंह सचिव, केशव सिंह चौहान बिट्टू, विश्वनाथ सिंह राठोड़ ,एडव्होकेट रंजीत सिंह गौर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री अ भा क्ष महासभा,कृष्णपाल राठौड़ कान्हा, सुधांशु राजावत,भूपेंद्र सिंह धांसू, भानु सिंह, उधम सिंह एवं अन्य राजपूत समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त उपस्थित जन ने महाराणा प्रताप के आदर्शों का अनुसरण करने और राष्ट्र के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।



### कंट्रोलों से बांट रहे घुना हुआ गेहूं

**राघौगढ़।** नगर की उचित मूल की दुकान पर मिलने वाला सरकारी राशन गेहूं इस समय बहुत ही घुना हुआ गेहूं उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है । राघोगढ़ ब्लॉक की अधिकतर सरकारी दुकानों पर इस बार बहुत ही बेकार गेहूं उपभोक्ताओं को दिए जा रहा है जिसको लेकर उपभोक्ता काफी नाराज हैं और उनका कहना है कि यहां एक और शासन आम व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए तरह-तरह की योजना चल रहा है वहीं इतनी खराब स्थिति वाला गेहूं उचित मूल की दुकानों से उपभोक्ताओं को दिए जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को मजबूरी में ले जाकर उसे काफी में सकट के बाद साफ कर खाया जा रहा है।



### कुएं में गिरी बिल्ली को बचाने चलाया रेस्क्यू

**आरोन।** पिछले दिनों आरोन से दस किमी दूर खामखेड़ा गाँव में सरपंच सतीश रघुवंशी के खेत में बने 70 फिट गहरे कुआँ में एक जंगली बिल्ली गिर गई थी। जिसकी सूचना आज सरपंच सतीश रघुवंशी द्वारा टीम जनसेवा के मिथुन शर्मा को दी । इसके बाद मिथुन अपने साथ विकास शर्मा, अभिराज बना,रविंद्र कुशवाह के साथ रेस्क्यू सामग्री लेकर खमखेड़ा गाँव पहुँचे और एक घंटे लगभग कुएँ में नीचे रेस्क्यू चला कुएं में उतरे मिथुन व रविंद्र पर जंगली बिल्ली ने हमला कर दिया। जिससे की रविंद्र घायल हो गया लेकिन घायल होते हुए भी टीम के सदस्यों ने हार नहीं मानी और जंगली बिल्ली को कुएं से बाहर निकाल कर ही सांस ली। इसके बाद बिल्ली को जंगल में रिलीज़ किया व घायल रविंद्र का आरोंन सिविल अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया।



# समता मूलक, सुशासन युक्त समुन्नत राष्ट्र के निर्माता थे महर्षि परशुराम : पं. दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शस्त्र और शास्त्र विद्या के द्वारा सुशासन के संस्थापक महर्षि परशुराम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आज वरिष्ठ नागरिक परिसंघ द्वारा महर्षि परशुराम चौराहा ,कलेक्टर बंगला परिसर स्थित भगवान महाबलेश्वर शिव मंदिर में सुशासन से युक्त समुन्नत राष्ट्र निर्माण महर्षि परशुराम की शस्त्र एवं शास्त्र विद्या की प्रासंगिता विषय पर एक प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर राधेश्याम श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं पूर्व वित्त अधिकारी पंडित आरपी दुबे के मुख्य आतिथ्य में किया गया । गोष्ठी का प्रारंभ पं.राकेश व्यास, कृष्ण गोपाल शुक्ल ,के वेद ध्वनि,शंख ध्वनि के साथ भगवान परशुराम के सामूहिक पूजन एवं परशुराम चालीसा के पाठ के साथ हुआ । रंगेस श्रीवास्तव ने सभी को चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया ।भूमिका परिसंघ के अध्यक्ष ब्रजेश श्रीवास्तव ने रखी । तदुप्रांत गोष्ठी के मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान पं.तुलसीदास दुबे ने अपने ओजस्वी प्रबोधन में बताया कि सतयुग की समापन बेला में जब लोक के ऊपर तंत्र हावी हो गया था । राजा निरंकुश होकर अपने तपोबल, बाहुबल, धनबल, सैन्य बल, राजबल के दंभ में प्रजा को महत्वहीन समझ कर प्रताड़ित करने लगे थे ।जब सात्विक और धार्मिक तत्व वेत्ता अपमानित हो रहे थे । तव भगवान परशुराम ने अपने पराक्रम से अत्याचार अनाचार करने वाली शक्तियों का समूह विनाश करने के लिए शस्त्र एवं शास्त्र का समुचित प्रयोग करने वाले परशुराम विश्व के



बुद्धिजीवियों एवं शस्त्र विद्या के सैनिकों सहित प्रत्येक व्यक्ति को आदर्श समाज व्यवस्था सुशासन की सफलता के लिए शस्त्र एवं शास्त्र के परिपूर्ण ज्ञान की अनिवार्यता बताते हुए उपयुक्त समय पर समुचित प्रयोग करने की प्रेरणा देते हैं। वे सुशासन से युक्त समुन्नत राष्ट्र निर्माण के प्रणेता थे । विषय प्रवर्तन करते हुए । विप्र उत्थान संघ के अध्यक्ष प . ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने सहस्त्रबाहु सहित समय समय पर आत ताई दुष्ट शासकों को अपने पराक्रम से समाप्त कर सदाचारी, वीर, तपस्वी, न्यायप्रिय, परोपकारी राजाओं को राज्य दिया उस राज्य में वेदानू कुल राज्य व्यवस्था मैं प्रत्येक वर्ण और स्तर के अनुसार प्रतिनिधियों को ग्राम परिषद में स्थान मिलता था । साथ ही प्रत्येक स्तर पर एक मार्गदर्शक गुरु होता था । डा . नलिन जाटव ने कहा कि परशुराम जी द्वारा स्थापित राज्य सत्ता के संचालक राजा को धर्म अधिकारी के अधीन किया गया था । वो राजगुरु सुख सुविधा से दूर नगर के बाहर रहता था। संचालन कर रहे राजेश श्रीवास्तव ने परशुराम को आदर्श समाज व्यवस्था बनाकर आर्यावर्त का संस्थापक बताया ।

सुधीर मालवीय ने कहा कि भगवान परशुराम ने उत्तरी भूभाग से आर्य संस्कृति विरोधी शक्तियों का संघार कर अफगानिस्तान , ईरान ,इराक तक आर्य संस्कृति का विस्तार किया । श्रीमति संगीता दुबे ने कहा कि व्यापक शोध से पता चलता है कि मुंबई से कन्याकुमारी तक के छेत्र को 8 कोणों में बांटकर भगवान परशुराम ने सूर अस्थक राज्य की स्थापना की थी । अध्यक्षीय उद्बोधन में राधेश्याम श्रीवास्तव ने भारत के जन जन से अपील की कि इस महान आर्यावर्त भारतवर्ष को पुनः उसके गोरवशाली स्थान पर पुनः स्थापित करने के लिए महा पराक्रमी,वैदिक ज्ञान विज्ञान के प्रयोगधर्मी महर्षि परशुराम के व्यक्तित्व और कृतित्व से।प्रेरणा लेकर तदनुसार कार्य करना चाहिए ।

आरती के उपरांत पं.चेतन भार्गव ने सर्व मंगल प्रार्थना शान्ति पाठ,धर्म संस्कृति ,पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया ,कल्याण कुशवाह ने आभार व्यक्त किया । गोष्ठी में बड़ी संख्या में सभी वर्गों के प्रबुद्ध जनों ने सहभागिता की ।

### अधिवक्ताओं ने कैंट टीआई और एक एसआई की एसपी से की शिकायत

# वकील पर हमला, पुलिस ने दोनों ही पक्षों पर एफआईआर की दर्ज

### हमलावरों पर साधारण धाराओं में केस मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना क्षेत्र में वकील दुष्यंत श्रीवास्तव पर हमला कर देने का मामला सामने आया है। पुलिस को शिकायत की तो कैंट थाना ने आरोपियों पर साधारण और वकील पर उलटे सख्त धाराओ में केस दर्ज कर दिया है। पुलिस के इस रवैये से वकीलों में आक्रोश है। शुक्रवार को वकीलों ने एसपी संजीव सिन्हा को शिकायत की है। वकीलों ने शिकायत में कहा कि पुलिस ने पड़ताल किए बिना ही आईपीसी की धारा 452, 427 सहित मारपीट और गाली गलौज करने की वकील पर की गलत एफआईआर की गई है। इस संबंध में एसआई मोना राय और थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया को बताया लेकिन वे पूरे तरह से प्रभावित दिखे। उन्होंने वकीलों की एक बात नहीं सुनी। गलत



प्रकरण दर्ज करने पर वकीलों ने नाराज़गी जताई है। अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने एसपी को शिकायत की और हरिओम गोस्वामी और उसके साथियों पर कार्यवाही की मांग की। इसके साथ ही आरोपी सत्ता पक्ष से अच्छी पैठ रखता है। पुलिस ने किसी के दबाव में आकर एफआईआर दर्ज की गई है।

#### वकील को पटक मारा जान लेने की कोशिश

हाल ही में वकील के साथ मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी वकील पर हमला करते दिख रहे हैं।

चार पाँच लोग वकील के सीने पर चढ़कर जानसे से मारने की कोशिश की, यहां से मुश्किल से छूटकर पुलिस को शिकायत की लेकिन पुलिस ने उलटी कार्रवाई कर दी।

#### डेयरी के साथ सूदखोरी का काम करता है

एडवोकेट दुष्यंत श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि आरोपी डेयरी की आड़ में सूदखोरी का काम करता है। उसने कई गुर्गे रख रखे हैं, जो लोगो को डराते धमकाते हैं। डेयरी से असामाजिक गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। इसमें पुलिस की भी मिलीभगत है, इसका नतीजा गलत एफआईआर के रूप के सामने आया है।

### युवक ने मचाया उपद्रव, थाने में खड़ी गाड़ियों की में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के राघौगढ़ कस्बे में एक युवक द्वारा सुबह-सुबह जमकर बवाल मचाया। इस दौरान उसने एसडीओपी राघौगढ़ सहित आधा दर्जन के करीब वाहनों जमकर तोड़फ़ोड़ की। वहीं युवक को दबोचने की कोशिश में उसने एक पुलिसकर्मी का सिर पर फोड़ दिया। जिसमें वह लहूलुहान हो गया। इसके अलावा युवक द्वारा किला रोड स्थित कई दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के भी कांच फोड़े। मामले में पुलिस ने आरोपी को पकडक़र पहले तो उसकी जमकर मरम्मत की। लेकिन मौका पाकर वह पुलिस के चंगुल से छूटकर बाजार में फिर उपद्रव करने लगा। इस दौरान उसे पकडऩे के चक्कर में कई लोग भी घायल हो गए। बाद में पुलिस ने किला रोड पर उसकी घेराबंदी कर उसे धरदबोचा। जिस पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज जेल भेज दिया गया। पुलिस की पूछताछ में युवक कभी उत्तेजित तो कभी शांत हो जाता। इस दौरान वह खुद आरोन का एनएसयूआई अध्यक्ष बता रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार राघौगढ़ थाना प्रभारी जुबेर खान ने बताया कि गत दिवस सुबह-सुबह 7 बजे के करीब थाने के सामने एक लडक़े ने अचानक थाने के बाहर खड़े एसडीओपी राघौगढ के शासकीय वाहन क्रमांक एमपी 03-7042 तथा थाना परिसर में खड़े थाना के शासकीय वाहन क्रमांक एमपी03-7043 में पत्थर मारना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने गाडिय़ों के कांच फोड दिए।

अचानक गाडिय़ों में हुई तोड़फ़ोड़ की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद ड्यूटीरत एचसीएम बल्लभ प्रसाद मीना एवं अन्य आरक्षकों ने उस लडक़े को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान उसने एक पत्थर आरक्षक को मारा। जिसमें उसने चोट आई हैं। इस दौरान किसी तरह पुलिस बल ने उसे पकड़ा, लेकिन वह छूटकर भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद आरोपी युवक द्वारा थाने से कुछ दूर खड़ी कार क्रमांक एमपी 09-3204 सहित अन्य वाहनों में भी तोडफ़ोड़ कर दी, और बाजार में पत्थरबाजी करते हुए उपद्रव करने लगा। इधर थाने में फोन कर गश्त से पुलिसकर्मियों को बुलाया।

जिसके बाद स्वयं टीआई जुबेर खान, आरक्षक अमित जाट, नन्द किशोर, संजय मीना, दीपक राठौर ने बेमुश्किल ग्रीन पार्क किला घाटी पर जाकर उस लडक़े को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम शिवजीत पिता पर्वत सिंह भिलाला निवासी ग्राम चीकटा थाना आरोन बताया। पूछताछ में आरोपी कभी उत्तेजित होकर अपने आपको एनएसयूआई आरोन का अध्यक्ष तो कभी शांत होकर माफी मांगता दिखा। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को पकडक़र पर उस 353, 323, 294 एवं 151 सहित अन्य धाराओं में आरक्षक तथा गाड़ी मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

### गुना में फंदे पर लटकी मिली पारदी महिला: परिवार वालों का आरोप घर से उठाकर ले गए और कर दी हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कुशमौदा इलाके में एक पारदी महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। गुरुवार शाम को ही पारदी महिलाओं में आपस में मारपीट हुई थी। शुक्रवार सुबह महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। परिवार वाले मारपीट करने वालों पर हत्या के आरोप लगा रहे हैं। महिला के शव को जिला अस्पताल लाया गया। यहां उन्होंने हंगामा कर दिया। पीएम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है। खुद पुलिस साथ में अंतिम संस्कार करने पहुंची।मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो तीन महीनों से पारदी समुदाय के दो समूहों में विवाद चल रहा है। इस विवाद में एक युवक की मौत हो चुकी है। इसके बाद ही विवाद और बढ़ गया। दोनों समूहों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को आवेदन भी दिए गए। यहां तक की एक समूह सीएम हाउस और पुलिस मुख्यालय तक भी आवेदन देने पहुंचे। दोनो एक दूसरे पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगा रहे हैं।गुरुवार शाम फिर कुछ महिलाओं ने बूढ़े बालाजी पर दूसरे समूह की महिलाओं से मारपीट कर दी। ये घटना वीडियो में भी रिकॉर्ड हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले को शांत कराया और महिला से मेडिकल कराने को कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। बूढ़े बालाजी पर रहने वाली जलपुरी बाई का शव गोकुल सिंह के चक्क पर फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और जिला अस्पताल भिजवाया। बड़ी संख्या में पारदी महिलाएं भी जिला अस्पताल पहुंच गई और हंगामा करने लगीं। उन्होंने दूसरे समूह पर जलपुरी बाई की हत्या के आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। विवाद बढ़ता देख जिला अस्पताल में भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया। सीएसपी ज्योति उमठ, कोतवाली टीआई अनूप भार्गव, कैंट टीआई दिलीप राजौरिया सहित पुलिसबल जिला अस्पताल में डटा रहा। वहीं गुरुवार को हुई मारपीट के मामले में कोतवाली थाने में आठ नौ आरोपियों पर बलवा, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। सीएसपी ज्योति उमठ ने बताया कि जलपुरी बाई पारदी का शव गोकुल सिंह के चक्क पर मिला है। शव का पीएम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### अक्षय तृतीया का बहुत ही विशेष महत्व माना गया है: सपना शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अक्षय तृतीया का बहुत ही विशेष महत्व माना गया है अध्यक्ष सपना शर्मा ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव इसी दिन हुआ एवं मां गंगा पृथ्वी पर आई और भगवान श्री कृष्ण ने पांडवों को जंगल में अक्षय पत्र आज ही के दिन दिया था जिसमें कभी भी जल और अन्न समाप्त नहीं होता इसी दिन गणेश जी ने महाभारत महाकाव्य की रचना इस दिन से आरंभ की दान धर्म क भी विशेष महत्व होता है और आज दिन भर विशेष मुहूर्त रहता हैं यह धार्मिक एकता समाजिक अखंडता को लेकर हर्ष एवं उल्लास के साथ भगवान परशुराम का जन्मदिवस मनाया जाता है इस अवसर पर शहर के मुख्य मार्गो से भव्य शोभायात्रा होते हुए निकल जाती है महासचिव नीरज अवस्थी ने बताया की जो भक्ति पैदल चलकर इतनी धूप में आते हैं उनके लिए शरबत विप्र महिला संगठन की ओर से एवं आइसक्रीम जानकी मेडिकल की ओर से मट्ठा छाछ विश्व व्यापी महिला संगठन की ओर से एवं ठंडे शुद्ध जल की व्यवस्था की गई है।

### शहर में निकली भव्य शोभायात्रा, नागरिकों ने किया अभिनंदन

# समाज ने मनाया भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अक्षय तृतीया का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। सनातन सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर शुक्रवार को ब्राह्मण समाज द्वारा शहर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भगवान परशुराम के चित्र को रथ पर सजाया गया था। शोभायात्रा में पीत वस्त्र धारी बटुक मंत्र उच्चारण करते हुए चल रहे थे जिससे वातावरण में दिव्य अनुभूति का प्रसार हो रहा था।

वहीं पारंपरिक परिधान में सुसज्जित मातृशक्ति भी मंगला चरण गाते हुए चल रही थीं । बैंड बाजे पर भी मधुर भजनों की स्वर लहरियां सुनाई दे रही थीं।शहर में श्रद्धालुओं ने अनेक स्थानों पर भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना आरती की एवं शोभायात्रा में शामिल ब्राह्मण समाज के लोगों का स्वागत किया।सनातन सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर पर समाज के लोगों का एकत्रीकरण हुआ जहां से पूजा अर्चना के पश्चात चल समारोह प्रारंभ हुआ जो हाट



रोड, सदर बाजार, सुगन चौराहा, लक्ष्मीगंज से होते हुए दुबे कालोनी स्थित श्री विघ्न हरण बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। यहां विधि- विधान से पूजा- अर्चना और महाआरती के पश्चात भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भगवान परशुराम प्रकट उत्सव समारोह में बड़ी तादाद में ब्राह्मण बंधु सपरिवार मौजूद रहे। खासकर छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। सनातन सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने इस अवसर पर सभी ब्राह्मण बंधुओं का परिवार सहित उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। अन्य वक्ताओं ने भी समाज की एकता और संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार व्यक्त किए।बताया गया है कि जिला मुख्यालय पर होने वाले भगवान परशुराम जी के प्रकट उत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिले के अन्य नगरों से भी विप्र बंधु गुना पहुंचे थे और इस आयोजन में शामिल हुए। जिले के अन्य नगरों आरोन, कुंभराज, म्याना आदि में भी भगवान परशुराम जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाने के समाचार मिले हैं। जिलेभर में आज अक्षय तृतीया का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

#### सेवा भारती ने की जल सेवा

भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में आयोजित चल समारोह का सेवा भारती परिवार द्वारा सदर बाजार लक्ष्मीगंज के पास पुष्प वर्षा एवं पेयजल से स्वागत किया गया । इस स्वागत कार्यक्रम मे डा. रामवीर सिंह रघुवंशी, अखिलेश विजयवर्गीय, सुश्री रंजना शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, डा.पुरुषोत्तम बुनकर, वीरेंद्र सिंह अहिरवार, चंद्रेश जैन, विजय श्रीवास्तव, सुनील पांडे ,हरिओम श्रीवास्तव,नरेंद्र सिंह सेंगर विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

### ब्राह्मण समाज की अगुवाई में विशाल शोभायात्रा निकाली गई

# अक्षय तृतीया के अवसर पर जय जय परशुराम के जयकारों से गुंजायमान हुआ सारा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर दास हनुमान मंदिर चौराहे से ब्राह्मण समाज की अगुवाई में एक विशाल शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली गई, जिसमें अन्य समाज के वरिष्ठ गणमान्य जनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया नगर के गली चौराहों को तोरण द्वारा आदि से सजाया गया था अखाड़े वाजों ने भी अपनी कला का जगह जगह सुंदर प्रदर्शन किया गया।, बैंड, डीजे,देसी ढफला और आचार्यों द्वारा वेद ऋचाओं का गायन मार्ग में किया गया, तथा जगह जगह शीतल पेय लस्सी आदि से कई समाज जनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया, यात्रा गुना रोड स्थित ब्राह्मण समाज निर्माणाधीन धर्मशाला पर पहुंची ।

जहां पर भगवान परशुराम की पूजन एवं आरती बड़े हर्ष उल्लास के साथ की गई सिद्ध संत ईश्वर दास पप्पू महाराज द्वारा उद्बोधन में सभी को आशीर्वचन प्राप्त हुए, तथा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे ने अपनी बात रखते हुए सभी का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर क्षेत्रीय वरिष्ठ भाजपा नेता बंटी बना ने भी ब्राह्मण समाज के राष्ट्र के प्रति योगदान भारतीय वर्ण व्यवस्था में ब्राह्मण समाज के स्थान पर प्रकाश डालते हुये श्रद्धा के उद्गार व्यक्त किये, अंत में सहभोज भंडारे में सभी ने प्रसादी गृहण की। आखा तीज परशुराम प्रकटोत्सव की शुभकामनाओं बधाईयों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।





### भगवान परशुराम के प्रकट उत्सव की शोभायात्रा में सम्मिलित हुए हीरेंद्र सिंह बंटी बना

नगर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान,श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष में भव्य चल समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा राघोगढ़ के विधानसभा संयोजक श्री हीरेंद्र सिंह बंटी बना जी ने सम्मिलित होकर विप्र समाज से आशीर्वाद प्राप्त किया हीरेंद्र सिंह बंटी बना द्वारा भगवान श्रीपरशुराम जी का पूजन अर्चन करते हुए संत श्री श्री 108 श्री ईश्वर दास पप्पू महाराज जी तथा संत श्री सीताराम दास जी का तिलक लगाकर पुष्प माल एवं शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।। तथा समाज के अध्यक्ष सामान्य विष्णु प्रसाद दुबे जी का भी सम्मान किया गया ।

इसके बाद समाज के अध्यक्ष श्री विष्णु प्रसाद दुबे जी ने विप्र समाज के बीच उपस्थित श्री हीरेंद्र सिंह बंटी बना जी का भी माला एवं पगड़ी बांधकर स्वागत किया श्री दादा भाई द्वारा ब्राह्मण समाज के बीच आश्वासन देते हुए कहा कि मुझे अपना सेवक जानकर हर समय मेरे लायक सेवा कार्य करने का अवसर प्रदान करते रहिए मैं अपने आप को बड़ा ही सौभाग्य शाली समझ रहा हूं कि मुझे आज विप्र समाज के बीच उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ तथा सभी को हृदय से भगवान श्री परशुराम जी के प्रकट उत्सव की बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए ब्राह्मण समाज के बीच बैठकर प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सहित अन्य,सभी समाजों के अध्यक्ष तथा समस्त ब्राह्मण समाज एवं गणमान्य नागरिक स्नेही बंधु जन कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

## संक्षेप समाचार

### केंट थाना पुलिस द्वारा कोर्ट कार्रवाई से फरार स्थाई वारंटी किया गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों, इनामी बदमाशों, वारंटियों आदि की धरपकड हेतु दिए जा रहे निर्देशों के तहत गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना ज्योति उमठ के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया एवं उनकी टीम द्वारा वर्ष 2021 में डकैती की योजना बनाने के एक प्रकरण में कोर्ट कार्रवाई से लगातार फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया है । उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में केंट थाना पुलिस द्वारा आरोपी सादिक खांन पुत्र जमील खांन निवासी कर्नेलगंज गुना को अपने अन्य साथियों सहित डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार कर जिनके विरूद्ध केंट थाने में अप.क्र. 727/21 धारा 299, 400, 402 भादवि एवं 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीवद्ध किया गया था । उक्त प्रकरण में आरोपी सादिक खांन के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय गुना द्वारा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 305/21 में आरोपी सादिक खांन की गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी किया गया, जो तामीली हेतु केंट थाने पर प्राप्त हुआ था । केंट थाना पुलिस द्वारा वारंटी सादिक खांन की निरंतर तलाश की गई और जिसकी तलाश के क्रम में आज दिनांक 09 मई 2024 को मुखबिर से मिली सूचना पर केंट थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सादिक खांन पुत्र जमील खांन उम्र 27 साल निवासी कर्नेलगंज गुना थाना कोतवाली गुना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । उपरोक्त प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, प्रधान आरक्षक बृजेश त्यागी, आरक्षक सादिक खांन एवं सैनिक राजेन्द्र सोनी की सराहनीय भूमिका रही है ।

### केंट थाना क्षेत्र से गायब हुई नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**गुना।** पुलिस अधीक्षक गुना संजीव कुमार सिंहा के निर्देशानुसार गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं पर घटित अपराधों को संवेदनशीलता लेकर इस प्रकार के अपराधों में अपहृत अथवा गुम नाबालिग बालक/बालिकाओं को आये दिन खोज निकाल कर उनके परिजनों से मिलाया जा रहा है । इसी सिलसिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमति ज्योति उमठ के पर्यवेक्षण में केंट थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से गायब हुई एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनांक 01 मई 2024 को बालिका के पिता द्वारा केंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 30 अप्रेल 2024 के दोपहर से उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर पर किसी को बिना कुछ बताये कहीं चली गई है, जिसे उसने सभी संभावित जगहों पर तलाश कर लिया है, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है । जिसकी रिपोर्ट पर से केंट थाने में अपराध क्रमांक 446/24 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था । थाना क्षेत्र से नाबालिग बालक के गायब होने के उपरोक्त प्रकरण में केंट थाना पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अपह्रत बालिका की सघनता से तलाश की गई एवं जिसकी तलाश के क्रम में आज दिनांक 09 मई 2024 को मुखबिर से मिली सूचना पर केंट थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण में अपहत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है ।

## बर्थडे पार्टियों में बवाल, पहले बुलाया, फिर कर दी मारपीट

**गुना।** शहर के कैंट थानांतर्गत कुशमौदा में जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गए युवक के साथ मेजबान परिवार के सदस्यों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अंकित शर्मा पुत्र लक्ष्मण प्रसाद शर्मा निवासी खेड़ापति कॉलोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात करीब 1 बजे की बात है वह गुड्डी बाई शर्मा निवासी शांति नगर कुशमोदा के यहाँ से उनके नाती के जन्मदिन की पार्टी से वापस अपने घर आ रहा था। तभी उनके घर के बाहर उनका लड़का राहुल शर्मा ने गाली गलौज कर कहा कि तू हमारे यहाँ प्रोग्राम में क्यों आया है। जिस पर फरियादी ने कहा कि उसे बुलाया है, इसलिए वह आया है। इसी बात पर राहुल शर्मा उसके मामा राजकुमार शर्मा एवं उनके लड़के मोहित शर्मा तीनों ने गाली गलौज कर उसकी प्लास्टिक के पाइपों से मारपीट की। वहीं उसकी मोटर साइकिल में भी तोड़फोड़ की। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## रास्ते को लेकर भिड़े दो परिवार, आधा दर्जन लोग हुए घायल

### म्याना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर किया क्रॉस मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम पालपुर में रास्ते को लेकर दो परिवार आपस भिड़ गए। जिसमें दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। विवाद में दोनों पक्षों के आधा दर्जन के करीब लोग घायल हो गए।

मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामले दर्ज किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी जसराम पुत्र दल्ला बंजारा ने अपने भाई गोविंद बंजारा एवं भाभी हीरा बाई के साथ घायल अवस्था में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उनके घर के पास में कच्चा रास्ता है। उसमें से उनकी गाय भैंस निकलती है। जिस पर गांव का केशव बंजारा उन्हें रास्ते में से निकलने के लिये मना करता था। इसी बात पर गत रात गांव का केशव बंजारा और उसका भाई वीर सिहं बंजारा उनके घर के बाहर आ गये और रास्ते में से निकलने की बात को लेकर गाली गलौज कर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसमें उन्हें खून निकल आया। बीच बचाव करने आए उनके भाई एवं भाभी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी पक्ष की शिकायत की आरोपियों पर धारा 323, 294, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष के फरियादी केशव पुत्र चतरा बंजारा ने अपने भाई वीर सिंह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके गांव का गोविंद बंजारा के घरवाले उनके पास की गली में पेशाव करते हैं। जिसको लेकर उन्होंने गत रात गोविंद से कहा कि गली में पेशाव मत किया करो तो, इसी बात पर गोविंद ने गाली गलौज कर उन पर लाठी से हमला कर दिया।

जिसमें वह घायल हो गए। बीच बचाव करने आए उनके भाई वीर सिंह और माँ जसराम के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। जिसमें वह लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 323, 294, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

## शहर के छैला बाग रिहायशी बस्ती में नाला निर्माण का काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में बारिश पूर्व नाला, नाली निर्माण कार्य नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के नेतेत्व में आरंभ किए है । छैला बाग वार्ड न 21 में बारिश पूर्व नाला निर्माण की प्रक्रिया शुरू की है ताकि बस्ती में लोगो को कीचड़ मुक्त और बारिश के पानी भराव से मुक्ति दी जा सके । नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने विगत रोज छैला बाग क्षेत्र में पहुंच कर 1 करोड़ 15 लाख रुपए के बजट में स्वीकृत हुआ बड़े आकार के नाला निर्माण कार्य का आरंभ किया है, उक्त नाला गुणवत्ता पूर्ण बनाया जाए यह निर्देश नीरज मनोरिया द्वारा निर्माण एजेंसी को दिए है, समय अवधि में नाला बना कर तैयार होना है ताकि बारिश के समय बस्ती में पानी का भराव रोका जा सके , इस मौके पर पार्षद महेंद्र भारद्वाज , तथा विभाग के यंत्री, उपयंत्री तथा निर्माण ठेकेदार मौजूद रहे ।

## जैन मिलन द्वारा श्रृदालुओं को इच्छु रस पिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शुक्रवार को जैन मिलन अशोकनगर द्वारा अक्षय तृतीया महान पर्व मनाया गया। तूमैन में बैठादेव श्री 1008 आदिनाथ भगवान का सभी वीर बंधुओ ने अभिषेक किया। इसके बाद शुद्ध कुएं के जल से एवं इच्छु रस का चैका लगाया एवं मंदिर जी के बाहर पड़गाहन किया । पड़गाहन के उपरांत सभी ने जितने भी मुनिराज आज डाई दीप मे आहार के लिए निकले हैं उन सबके अहार निरंतराय हो इसी भावना भायी। इसके उपरांत तूमैन में ही समस्त समाज जनों को इच्छुरस (गन्ने के रस) एवं स्वल्पाहार कराया गया इसके उपरांत जैन मिलन अशोकनगर के अध्यक्ष मंत्री एवं समस्त वीर बांधुओ का तूमैन क्षेत्र कमेटी द्वारा सम्मान किया गया एवं जैन मिलन अशोक नगर के कार्यक्रम की प्रशंसा की।



## अशोकनगर जिले में बदला मौसम बादल छाए रहे, हवा भी चलती रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय अशोकनगर पर शुक्रवार का दिन बदले हुए मौसम के नाम रहा इस दौरान बादल आते जाते रहे हवा भी चलती रही और लगा कि कभी भी बारिश हो सकती है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एक दिन पहले भी इसी तरह का मौसम बना था जब जब भी तीखी गर्मी पड़ती है तब तब मौसम बदल जाता है ऐसा ही इस बार हुआ अशोकनगर जिले में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। पिछले एक सप्ताह में तीन बार मौसम के तेवर तीखे रहे हैं तो दूसरी ओर तापमान अधिक होने के बाद मौसम में परिवर्तन भी आया है तत्काल आसमान पर बादल आ गए मई के पहले पखवाड़े में मौसम में परिवर्तन का रूप देखने को मिल रहा है इस बार पहले ही वर्षा कम हुई है। इस बार ऐसा न हो कि बीच-बीच में मौसम का एक चक्र बदलने से कहीं बादल न रूठ जाए और वर्षा पिछड़ जाए इसकी भी चिंता लोगों को सता रही है।



## अग्निमंथन के साथ प्रारंभ हुआ 51 कुंडीय गोपाल महायज्ञ

**अशोकनगर।** बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम भ्याना में षुक्रवार को 51 कुण्डीय श्री गोपाल महायज्ञ का षुभारंभ यज्ञाचार्यों द्वारा अग्नि मंथन के साथ किया गया। इससे पूर्व बुधवार को कलष यात्रा निकाली गई थी और गुरुवार को पीठ निर्माण कर देवों का आवाहन किया गया था। यह यज्ञ की पूर्णाहुति 15 मई को की जाएगी। यज्ञ में कुल 51 वेदियां बनाई गई हैं। जिनमें यजमान बनने के लिए अशोककनगर, विदिशा और सागर जिलों के कुल 38 गांवों से ग्रामीण जन पहुंचे हैं। आयोजन के दौरान मल्हारगढ़ के श्रीलक्ष्मीनारायण बड़ा मंदिर के युवराज महंत रामचंद्र दास के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराई जा रही है। वहीं रात्रि के समय रामलीला का मंचन होता है। यज्ञाचार्य पं. राजेष तिवारी गढ़ा वालों ने बताया कि कथा पांडाल में भीषण गर्मी के बाद भी बड़ी संख्या में श्रोता जुट रहे हैं।

### रोगियों की संख्या अधिक जगह कम स्टाफ को भी उपचार करने में आ रही है

# जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों ने पैर फैलाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जब भी मौसम करवट लेता है। मौसमी बीमारियां लोगों को जकड़ लेती है। ऐसा ही इन दिनो जिला अस्पताल मे देखने को मिल रहा है। यहा मौसमी बीमारियों के रोगी अधिक है जिनका उपचार किए जाने के लिए जगह भी अस्पताल मे कम पड रही है। बुखार,उल्टी,दस्त के रोगी अधिक आ रहे है।





### सावधानी बरतना चाहिए

जिला अस्पताल के डॉक्टर दीपक जैन ने बताया कि इस प्रकार के मौसम में आमजनों को बहुत सावधानी बरतना चाहिए थोड़ी सी लापरवाही से डिहाईड्रेशन उल्टी दस्त, सरदर्द की स्थिति तब बनती है जब गर्म हवाओ से बचने के प्रबंध किए जाते है। उनका कहना है कि वह धूप के समय 1 बजे से 4 बजे तक अपने घरों में आराम करें। घर के बाहर का भोजन न करें। शीतल पेयजल से बचें अधिक से अधिक पानी का सेवन करें खाली पेट घर से बाहर न निकले उन्होंने कहा कि बासा भोजन तो बिल्कुल करना ही नहीं चाहिए। क्योंकि इससे बहुत परेशानियां होती है उन्होंने गर्म हवाओं से बचने के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में ढक कर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा छोटे बच्चे प्रभावित हो रहे हैं इन बच्चों को उनके परिवार जनों को गर्म हवाओं से बचा कर रखना चाहिए क्योंकि नवजात शिशुओं से लेकर 15 से 16 वर्ष के बच्चे ज्यादा उपचार करने के लिए पहुंच रहे है। ऐसे मरीज भी आ रहे हैं जो सिर दर्द उल्टी दस्त की शिकायत के साथ-साथ हाथ पैरों में जलन की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं उन्होंने कहा तापमान लगातार बढ़ रहा है इस बड़े हुए तापमान में आम जनों को बहुत सावधानी रखना चाहिए बर्फ के गोले नहीं खाना चाहिए क्योंकि बर्फ का पानी कितना शुद्ध है कितना अशद्ध किस पानी से बर्फ बनाया जा रहा है आइसक्रीम से भी बचना चाहिए।

### अप्रैल में 23719 रोगी जिला अस्पताल पहुंचे

अगर रोगियो की संख्या की बात करे तो अप्रैल माह में 23719 रोगी जिला अस्पताल पहुंचे और मार्च में 23707 रोगी उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में जहां 200 बिस्तरों की व्यवस्था है वहीं रोगी 400 की संख्या से पार होते हुए वार्ड में फर्श पर उपचार करते हुए भी देखे जा सकते हैं। जिला अस्पताल में गर्मियों के मौसम में एक बोरवेल पूरी तरह से सूख चुका है दूसरे बोरवेल से जो भी पानी आ रहा है वह थोड़ा बहुत ही आता है टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है परंतु इस पानी से भी जिला अस्पताल की जरूरत की पूर्ति नहीं हो पा रही है जिससे कि जिला अस्पताल में उपचार कर रहे रोगी और उनके परिवारजन परेशान होते हुए नजर आते हैं। शीतल पर जल के लिए स्वयं से भी संस्थाओं ने वाटर कूलर दिया था यह वाटर कूलर भी गर्म पानी दे रहा है। जिला अस्पताल के सहायक प्रबंधक डॉ जयकृत सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल मे सुधार के प्रयास होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक आपस में टकराई

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत दो बाइक कदवाया ईसागढ रोड पर ग्राम महुअन के यात्री प्रतीक्षालय के पास आपस मे टकरा गई। इस घटना मे महेश पुत्र गयाराम लोधी उम्र 60 साल निवासी गहौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाइक क्रमाक एमपी 33 जेडबी 2224 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटे आई है।

### दहेज प्रताड़ना के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे दहेज प्रताडना के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए है। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम अमौदा निवासी पूजा पत्नी जुगल गर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति जुगल गुर्जर,रामसिंह सखी बाई निवासी अमौदा ने दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने धमकी। जिले के महिला थाना क्षेत्र की दूसरी घटना है। जिसमे पूजा कालोनी अशोकनगर निवासी राधा पत्नी रामगोपाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से रामगोपाल बब्लू ,कमलेश बाई कुशवाह ,अंकेश निवासी रामबाग मुगावली द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शरीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा था।

### टावर से 3 बैटरियां चोरी

**अशोकनगर।** जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत साई सिंटी कालोनी निवासी पंकज पुत्र अर्जुन सिंह नरवरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर वाल्मीक मोहल्ला नईसराय मे फरियादी के टावर से नेस्ट पावर कंपनी की तीन बैटरिया चोरी कर ले गया।

### धार्मिक भावनाएं भड़काने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी गिरराज पुत्र दलूप सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम पुत्र श्रीराम रघुवंशी व अन्य 6 से 7 लोगो ने जानबूझकर सामाजिक सद्भाव विगाडने के उदेश्य से बाबा साहब की प्रतिमा को खंडित किया जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### अज्ञात चोर बाइक पर टंगा रुपयों से भरा थैला चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत एक किसान की बाइक पर टंगे थेले जिसमे रूपए भरे हुए थे उसे चोरी कर ले गए। किसान के द्वारा यह पैसे किसान केड्रिट कार्ड से निकाले थे। बैक से निकालने के बाद करीब 500 मीटर दूर पिता पुत्र जूता ठीक कराने के लिए एक दुकानदार के यहा चले गए। इसी दौरान कोई बैग चोरी कर ले गया। ग्राम छोटी भोपाल निवासी भरत सिह पुत्र गंगाराम राजपूत ने बताया कि पिता ने किसान केड्रिट कार्ड का पैसा जमा किया था। उसी का पैसा निकालने के लिए पिता को बाइक से लेकर आया था। वह रूपए उसने बैग मे रख लिए थे। जहा यह घटना हुई वहा किसी तरह के कैमरे भी नही लगे है। इससे पहले बुधवार को ईसागढ मे मेडिकल की दुकान से दवा खरीदते समय एक किसान का बेग बाइक पर से अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। जिसमे 2 लाख 18 हजार रूपए रखे हुए थे। इस सप्ताह यह दो घटनाए हो गई है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बूढे बालाजी गुना निवासी मनीष प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी राजकुमार केवट निवासी अषोकनगर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी राजकुमार केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी प्रिंस अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्वामी विवेकानंदनगर कोटा राजस्थान निवासी दिपेन्द्र हाडा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सुनील बलराम लालसिंह रामसिंह कटारिया निवासी गोपीपुर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

आरोपी सिंरोज, आरोन और अशोकनगर का कुख्यात चोर

# अशोकनगर के गल्ला व्यापारी के यहां चोरी की बड़ी वारदात का खुला राज

**खास बातें**

- सिरोज में 20, आरोन में 18 और अशोकनगर में एक दर्जन चोरी की घटनाओं को दे चुका है अंजाम
- सिंरोज में स्पाइडर मेन के नाम से जाना जाता है, बार्डर फिल्म मे पेंट से रूपए चुराने के साथ की यह शुरूआत।








हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के गल्ला व्यापारी के यहा हुई चोरी की बडी बारदात अशोकनगर पुलिस के लिए बडी चुनौती बन गई थी। लेकिन पुलिस ने भी इस चुनौती को स्वीकार करते हुए इस चोरी की घटना के उस शातिर चोर को गिरफतार कर लिया है। जो अकेला ही इस घटना को करने निकला था। अशोकनगर सिरोज और आरोन मे लगभग 50 चोरी की घटनाए की यह घटनाए पुलिस इतिहास मे अनोखी है। न कोई हथियार ,न कोई साथी, नकबजनी की अकेले के दम पर घटना करना एसपी अशोकनगर ने हैरत जताई है। इस चोर के शौक भी देखिए जुआ खेलने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देता था। फिलहाल यह चोर अब पुलिस की गिरप्त मे है।

अशोकनगर शहर मे गल्ला व्यापारी अशोक जैन टिंगू के यहा 2 मई की रात को एक बडी चोरी की घटना उस समय हुई थी जब व्यापारी और उसका परिवार घर मे ही सो रहा था। लेकिन कमरे का लॉक खुला हुआ था। जिसका फायदा उठाकर इस चोर ने पहले जहा बच्चे सो रहे थे उस कमरे मे प्रवेश किया। लेकिन वहा बच्चो के सामान के अलावा कुछ नही मिला। जिस कमरे मे व्यापारी सो रहा था। वहा अलमारी खुली हुई थी और लॉक की चाबी भी अंदर ही रखी हुई थी। जहा से चोर 17 तौले सोना और 1 लाख 60 हजार रूपए नगदी चोरी कर ले गए थे। घटना का पता तब चला जब हर रोज की तरह परिवार सुबह साढे पांच बजे उठा।

## पुलिस ने आरोपी के घर से कीमती जेवर बरामद किए



एसपी ने बताया कि अशोकनगर जिले मे जितनी भी चोरिया हुई है। उन सबका रिकॉर्ड खंगाला गया । इस रिकॉर्ड के आधार पर इस तरह की एक भी चोरी मे ऐसा चोर होना नही पाया गया। जिसके बाद अशोकनगर के पडौसी जिला विदिशा पुलिस की मदद ली गई। तब पाया गया कि सिरोंज मे इस तरह की कई घटनाए एक आरोपी द्वारा की गई है और ऐसा ही गुना जिले के आरोन मे जानकारी सामने आई कि वहा भी एक चोर के द्वारा मुह पर लाल कपडा बाधकर अकेले ही घटना को अंजाम दिया गया है। जिसके बाद एसपी विनीत कुमार जैन के द्वारा सिंरोज और आरोन के लिए पुलिस टीम रवाना की गई। जिसके आधार पर पडौसी जिलो मे हुई घटनाओ का डाटा सम्मलित किया गया। जिसके आधार पर पुलिस द्वारा सायबर सेल की मदद भी ली गई। जिसके बाद चोर की पहचान परवेज उर्फ नक्टा पुत्र नन्ने खान उम्र 32 साल निवासी सिरोंज का होना पाया गया। जिसे पुलिस ने ग्राम बगरौदा के पास से गिरफतार किया है। आरोपी द्वारा पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के बाद अशोक जैन टिंगू के यहा चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी द्वारा बताए जाने के बाद उसके घर से सोने का हार, दो सोने की चूडी ,तीन सोने की अंगूठिया अपने घर पर रखना बताया तथा रूपए जुए मे हारना बताया गया। शेष माल किसी अन्य दुकानदार के यहा रखा होना बताया गया है।

### वीडियो फुटेज के आधार पर चोर की तकनीक को आधार बनाया गया

एसपी विनीत कुमार जैन ने बताया कि इस घटना मे एसडीओपी विवेक शर्मा और टी आई मनीष शर्मा व्यापारी के यहा पहुचे। तब पाया गया कि व्यापारी का एक और मकान जो लगा हुआ है। वह बन रहा है। वहा से यह चोर अंदर घुसे इस दौरान कुछ सामान मकान की छत पर छोड गए। फिंगर प्रिट के आधार पर और कैमरो की मदद से सीसी टी व्ही फुटेज जो सामने आए उसमे पाया गया कि चोरी की घटना मे कोई गिरोह नही है। सिर्फ एक ही व्यक्ति चोर है। एसपी ने कहा कि चोर अपने मुह पर लाल कपडा बांधे हुए था और हाथ मे सिर्फ एक छोटी लकडी थी।

### सिरोज और आरोन में स्पाइडर मेन के नाम से जाना जाता

एसपी विनीत कुमार जैन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लगभग 40 से 50 मामले दर्ज है।आरोन मे 23 जनवरी 2018 से चोरी करना शुरूआत की थी और 27 मई 2018 तक 5 माह मे वह 20 चोरिया कर चुका था। सिरोज मे 2010 से 2022 तक 21 चोरिया कर चुका है। जबकि अशोकनगर मे 2023 से लेकर अब तक 10 मामले कर चुका है। यह चोर जहा भी चोरी करता है। मकान के उपर से अंदर आता हैं और उसी रास्ते से वापिस चला जाता है। जिन मकानो के पास मे बिजली के खंभे लगे है। उन खंभो की मदद से वह घरो मे उपर पहुच जाता है। इसलिए उसे सिरोज और आरोन मे स्पाइडर मेन के नाम से जाना जाता है।

### पिछले दिनों हुई दो चोरी की घटना भी आरोपी ने स्वीकारी

आरोपी ने भागचंद कुशवाह, संजीव शर्मा वकील के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। एसपी विनीत जैन का कहना है कि हमेशा चोरी की वारदाते या नकबजनी की घटनाएं कहे हमेशा एक से अधिक लोगो द्वारा की जाती है। लेकिन उनके पुलिस कार्यकाल मे ऐसा मामला पहली बार देखने मिला है। जब एक आरोपी मुंह पर कपड़ा बांधकर अकेले ही घटना को अंजाम देता है। चोरी के बाद माल बेचकर वह जुआ खेलता है। उसके घर पर शिफ्ट कार, दो पहिया वाहन भी है। पूरा परिवार है। आरोपी घटना करने के लिए सिरोंज से सुबह 9 चलता है 11 बजे अशोकनर पहुच जाता है और बाद मे सिरोज जाने के लिए भी अगले दिन वापसी मे घटना को अंजाम देकर अपने घर लौट जाता हैं।

# डीपी पर काम करते समय एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम मउआखेडा के समीप एक प्रायवेट डीपी पर करते समय एक युवक सीताराम कुशवाह निवासी हमीदपुर की मौत हो गई। यह ग्रामीण किस आधार पर डीपी सुधारने गया था। किसके द्वारा उसे भेजा गया था। अगर वह इस तरह का काम करना नही जानता फिर कैसे डीपी पर काम करने पहुचा। इस दौरान युवक को करंट लग गया और वह खेत मे आ गिरा। जैसे ही विघुत वितरण कंपनी के ठेकेदारो को पता चला वह तुरंत एम्बूलेंस लेकर घटना स्थल पर पहुचे और करंट लगने से घायल हुए युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। इस पूरी घटना मे जब विघुत वितरण कंपनी के अतिरिक्त अधीक्षण यंत्री अंकुर गुप्ता से चर्चा की गई तब उन्होने बताया कि उन्हे किसी तरह की कोई जानकारी नही है क्या घटना हुई है किसी तरह की जानकारी भी उन्हे नही दी गई है। इसके लिए सहायक यंत्री से ही चर्चा की जाए। इस संबध मे जब सहायक यंत्री संजीव मोहने से चर्चा की गई तो उन्होने कहा कि हम उसे नही पहचानते हैं वह कौन है। हमारे यहा लाइन मेन का काम गणेशराम देखता हैं वहा वह क्या कर रहा था। कैसे पहुचा। एक व्यक्ति की मौत हो गई है। अगर वह शासकीय कर्मचारी नही है या फिर हेल्पर के कहने पर काम कर रहा है तब भी उसके साथ न्याय होना चाहिए। कई बार देखने मे यह आ रहा है कि हेल्परो को रख लिया जाता हैं और जब उनके साथ घटना हो जाती हैं तब उनकी मदद के लिए कोई नही आता। इस घटना मे भी अधिकारियो का रवैया ऐसा ही देखा गया। वह जिम्मेदारी लेने से बचते रहे।

### चिलचिलाती धूप में भी रक्तदान का कार्य जारी



**अशोकनगर।** ब्लड हेल्प ग्रुप जरूरतमंद मरीजों को भारी गर्मी में भी प्रतिदिन रक्त उपलब्ध करवा रहा है ग्रुप के सदस्य एक सूचना मिलते ही रक्तदान करने निरंतर ब्लड बैंक पहुंच रहे हैं गर्मी और तापमान इनके कार्य को बाधित नही करता ये केवल मरीज की जरूरत देखते हैं और रक्तदान कर खुद को भाग्यशाली समझते हैं इनका कार्य निस्वार्थ,निशुल्क एवं प्रेरणादायक है।जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान करने वालों में दिलबाग सिंह ढिल्लन,प्रवीण रघुवंशी,रिंकू जैन भारत,मनोज सेन,नीरज बैरागी,शिवराज परिहार,क्षितिज रघुवंशी,शाकिर खान,के.पी.रघुवंशी,रामकुमार रघुवंशी,श्याम रघुवंशी आदि शामिल रहे।


### गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थी ले रहे व्यवसायिक शिक्षा

**अशोकनगर।** बीती एक मई से बहादुरपुर के स्थानीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में व्यवसायिक शिक्षा के लिए निषुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर और ब्यूटी वेलनेस ट्रेड के अंतर्गत सीधे रोजगार से जुड़े मोटर बाईंडिंग, एलईडी रिपेयर, डिष टीवी रिपेयर, इस्त्री रिपेयर, रिसीवर, टीवी इत्यादि का काम सीख रहे हैं। प्रषिक्षक राजपाल सिंह, विवेक ओझा ने बताया कि छात्र प्रषिक्षण में काफी रुचि दिखा रहे हैं। वहीं छात्राओं द्वारा मेकअप के विभिन्न तरीके प्रषिक्षक प्रियंका चैधरी से सीखे जा रहे हैं। प्राचार्य रविषंकर षर्मा का कहना था कि हमारा उद्देष्य है कि विद्यार्थी यह प्रषिक्षण लें ताकि भविष्य में स्वंय का रोजगार भी स्थापित कर सकें। उन्होंने बताया कि यह पूरा प्रशिक्षण शिक्षक अशोक ठाकुर की देखरेख में चल रहा है।



*कई रोचक मामले भी सामने आएगे।*

# न्यायालय भवन पर आपसी सहमति से होंगे प्रकरण निराकृत




**अशोकनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एव अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर पवन कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 11 मई 2024 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायाधीश एव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर रश्मि मिश्रा ने बताया कि जिला मुख्यालय, अशोकनगर में 08 व तहसील न्यायालय चंदेरी में 02, तहसील न्यायालय मुंगावली में 03 एवं तहसील न्यायालय ईसागढ़ में 01 न्यायिक खंडपीठ इस प्रकार कुल मिलाकर 14 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिसमें पीठासीन अधिकारियों के साथ एक-एक विद्वान अधिवक्ता भी सदस्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण एवं धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, विद्युत, जलकर, बी.एस.एन.एल. विभाग के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।



### सात संयोग में अक्षय तृतीया के दिन भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया

**अशोकनगर।** श्री परशुराम भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि इस बार सात सयोग में अक्षय तृतीया मनी है यह अक्षय तृतीया तिथि वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय और तृतीय को मिलाकर महासंगम का योग बना था। जिसमें उन्होंने विशेष करके हवन पूजन किया गया एवं प्रातः 9 बजे भगवान श्री परशुराम जी का चित्र रखकर उनको माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान को नमन करके 108 दीपक जलाए गए तथा विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया गया एवं अक्षय तृतीया के पांच कलश जल के रखकर अनमे गंगाजल रखकर उनका भी विधिवत पूजन किया गया सभी श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम जी के ऊपर अपने-अपने विचार रखें तथा भगवान की विदाई दोपहर 2 बजे की गई महा आरती के बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया शाम को सुंदरकांड का संगीत में पाठ किया गया। एवं लक्ष्मी कुबेर आदि का भी पूजन किया गया। विशेष करके नए मटकाओं का दान किया गया।

# पार्श्व जैन मिलन अशोकनगर ने मनाया आहार दान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




आज पाश्र्व जैन मिलन अशोकनगर द्वारा शुवह भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का अभिषेक पूजन करके प्रारंभ किया और आहार दान दिवस मनाया। इस दिवस की महत्वता से अवगत कराते हुए पारस जैन मिलन ने कहा कि श्री आदीनाथ भगवान जव मुनि अवस्था में थे उस समय 13 माह 9 दिवस के वाद राजा श्रैयांस द्वारा उन्हें प्रथम आहार दिया गया था उसी दिन से अक्षय तृतीया का दिन आहार दान दिवस के रूप में मनाया जाता है आज समाज सेवी संस्था पाश्र्व जैन मिलन अशोकनगर द्वारा अशोकनगर के सोनी कालोनी स्थित पाश्र्वनाथ मंदिर में सभी को इक्छूरस का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पाश्र्व जैन मिलन अशोकनगर के सभी उपस्थित रहे ओर सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना की इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जीतू जैन मंत्री र नीरज जैन पूर्व अध्यक्ष सुयोग जैन पूर्व मंत्री वीर धीरेन्द्र जैन कोषाध्यक्ष दीपक जैन संरक्षक नरेश चंद्र जैन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनील जैन धन्नू मनीष जैन विनोद जैन पडौरा वीर रिंकु जैन ओडेर राजेश जैन संतोष जैन प्रवीण जैन संजीव जैन महावीर जैन राजेश जैन सहित समाज के सभी वीर वीरांगना उपस्थित रहे ओर इक्क्षुरस ग्रहण किया जीतू जैन घाट वमूरिया अध्यक्ष नीरज जैन तारई मंत्री पाश्र्व जैन मिलन अशोकनगर आदि शामिल हुए।

श्रद्धालुओं में दिखा अपार उत्साह, शोभायात्रा में महिलाएं भी हुई शामिल

# शहर में भगवान परशुराम की जय-जयकार के साथ भव्य शोभायात्रा निकली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अक्षय तृतीया का दिन भगवान परशुराम की जयंती का दिन है। वह भगवान विष्णु के छटवें अवतार हैं। शुक्रवार को शहर में परशुराम जंयती का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। जिन जिन रास्तों से शोभा यात्रा निकली, पूरे मार्गो पर भगवान परशुराम की जयजयकार होती देखी गई। समाजसेवी संस्थाएं भी स्वागत और सम्मान में आगें आई।





समारोह की भव्यता और धार्मिक आभा के बीच इस चल समारोह की शुरूआत सुबह 08 बजे स्थानीय परशुराम मंदिर से की गई। सर्व ब्राम्हण महापंचायत ट्रस्ट के तत्वाधान में यह आयोजन किया गया था। इस दौरान शोभा यात्रा से पहले भगवान परशुराम जी की भक्ति भाव से आराधना की गई। पूजन और आरती के साथ श्रृद्धालुओं ने सामूहिक रूप से इस आयोजन में भाग लिया। इस दौरान पूरे आयोजन स्थल को सजाया गया था। समाज के युवा और सभी समाजजन श्वेत वस्त्रों में नजर आएं। कई युवाओं की टोली सिर पर केसरिया साफा बांध कर आयोजन में शामिल हुई थी। अनेक युवा भगवान परशुराम के शस्त्र को भी प्रतिकात्मक रूप से लेकर चल समारोह मे देखे गए।

इस दौरान भगवान का विमान मंदिर परिसर से भक्ति भाव से निकाला गया। जगह जगह आरती उतारी गई। श्रृदालुओ ने अपने घरो के उपर से फूलो की वर्षा की इस दौरान चल समारोह मे चंद्रशेखर आजाद,स्वामी दयानंद सरस्वती,रानी लक्ष्मीबाई के साथ आर्यभट्ट, आचार्य चाणक्य के चित्र सजाए गए थे। इस दौरान समाजजनो मे व्यापक उत्साह देखा गया।

इस दौरान महिला संगठन भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए देखे गए। कई महिलाओ ने अपने सिर पर पगडी बांध रखी थी तो दूसरी ओर डीजे पर युवाओ को नाचते गाते देखा गया।इस दौरान भगवान परशुराम जी की झांकी भी चल समारोह मे निकाली गई।इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी, डॉ दीपक मिश्रा, विश्वबंधु चर्तुवेदी, उपेन्द्र पाराशर, नारायण प्रसाद शर्मा, के के शर्मा, दिलीप शर्मा, अवधेश शर्मा, मनोज शर्मा, महेन्द्र भारद्वाज, महेश शर्मा, अशोक शर्मा, अर्जुन सिंह चैधरी, अभिषेक चैधरी, राजेश शर्मा, सचिन चैधरी,आशुतोष देवालिया, राजेश शर्मा, सहित बडी संख्या में विप्रबंधु शामिल थे। युवा इस चल समारोह में देखे गए। महिलाएं भी इस आयोजन में शामिल हुई ।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 व एमपी टॉस पर 15 मई तक करें आवेदन

**विदिशा।** अनुसूचित जाति पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनांतर्गत वर्ष 2023-24 हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 एवं एमपी टास पर आवेदन दर्ज करने की तारीख 15 मई निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति के छात्र, छात्राएं छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 एवं एम.पी.टास पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 एवं एम.पी. टॉस पर आवेदन दर्ज करने का यह अंतिम अवसर है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** मप्र की शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीवीटी, एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन के माध्यम से विभाग के पोर्टल (www. dsd. mp.gov.in ) पर ष्प्रवेश रेजिस्ट्रेशन 2024 पर जाकर रेजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु किसी भी नजदीकी ऑनलाइन सहायता केंद्र अथवा स्वयं अपने स्तर पर कंप्यूटर या मोबाइल से फॉर्म भर सकते हैं। शासकीय आईटीआई में प्रवेश हेतु रेजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। कुल 200 सीट उपलब्ध हैं।

### भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत के फाइनल आंकड़े जारी

# लोकसभा चुनाव में विदिशा और खातेगांव में सबसे कम मतदान






हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

संसदीय क्षेत्र विदिशा लोकसभा के लिए हुए मतदान के बाद सामने आए आंकड़ों के अनुसार विदिशा और खातेगांव विधानसभा में सबसे कम मतदान हुआ। विदिशा लोकसभा के लिए 7 मई को हुई वोटिंग के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत के संबंध में फाइनल आंकड़े जारी कर दिए हैं।

लोकसभा की आठ विधानसभाओं में सबसे ज्यादा 81.54 प्रतिशत मतदान बुधनी में हुआ है। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान का गृह क्षेत्र बुधनी ही है और बुधनी के जैत गांव में उनके परिवार का वोट दर्ज है। चौहान ने परिवार सहित जैत में ही मतदान भी किया था। कांग्रेस के उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा विदिशा से हैं। इसके बाद मतदान के मामले में दूसरे नंबर पर बुधनी से लगी हुई सिहोर जिले की इछावर विधानसभा का नंबर है। इछावर में 80.27 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकी विदिशा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्तर से लेकर राजनैतिक स्तर पर भरसक प्रयास हुए। निर्वाचन के द्वारा भी सबसे ज्यादा स्वीप गतिविधियां विदिशा में ही हुईं। इसके बावजूद विदिशा विधानसभा में बुधनी से 10 प्रतिशत कम 70.22 फीसदी ही मतदान हो सका है। सबसे कम मतदान खातेगांव विधानसभा में हुआ है, यहां पर 69.15 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार भोजपुर विधानसभा में 74.67 प्रतिशत और इसके बाद गंजबासौदा में 73.74 प्रतिशत मतदान हुआ है। सांची विधानसभा में 72.71 और सिलवानी विधानसभा में 72.55 प्रतिशत मतदान हुआ।

**सागर लोकसभा में सर्वाधिक मतदान विदिशा जिले की कुरवाई और सिरोंज विस में हुआ**

विदिशा जिले की सिरोंज, कुरवाई और शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र सागर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। सागर लोकसभा में कुल 65.75 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां से भाजपा की लता वानखेड़े और कांग्रेस से चंद्रभूषण सिंह बुंदेला उम्मीदवार हैं। सागर संसदीय क्षेत्र में शामिल आठ विधानसभा क्षेत्रों में से कुरवाई में 70.53 और सिरोंज में 70.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। शमशाबाद में 67.5 प्रतिशत और बीना में 64.54 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम सागर नगर में 58.06 प्रतिशत और खुरई में 67.89 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। सुरखी में 67.04 प्रतिशत तो वहीं नरयावली विधानसभा में 60.03 प्रतिशत ही मतदान दर्ज हुआ।

### नए डीन का मेडिकल कॉलेज में आगमन

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने पूर्व अधिष्ठाता डॉ सुनील नंदेश्वर का विदाई समारोह एवं नए अधिष्ठाता डॉ मनीष निगम का स्वागत किया। इस आयोजन में अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज के सभी डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। साथ ही सभी डिपार्टमेंट के रेसिडेंट डॉक्टर ने मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ विमल मेहरा अध्यक्ष जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन विदिशा ने पूर्व अधिष्ठाता को गीता देकर आशीर्वाद लिया। साथ ही नए अधिष्ठाता के समक्ष शपथ ली की आमजन सेवा के लिए जूडा हमेशा तैयार रहेगा।

### खुद का रोजगार करने महिलाओं को प्रशिक्षण दिया

**दीवानगंज।** जिले के सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शाहपुर पंचायत के ग्राम भगवन्तपुर में मानव विकास सेवा संघ संस्था द्वारा लोक आधारित विकास प्रक्रिया के अंतर्गत महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें स्वा सहायता समूह की महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने हेतु भैंस पालन, बकरी पालन, किराना दुकान, सिलाई मशीन, आदि से अपनी आय बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण दिया। ताकि महिला अपना खुद का रोजगार से अपना घर का काफी हद तक खर्चा चला सकें।

# ब्राह्मण समाज ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

## राम मंदिर में परशुराम जी का किया अभिषेक, निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया प्रातः 8 बजे राम मंदिर पंडितवाड़ी में ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम का वैदिक मंत्र उपचार के साथ अभिषेक किया।

पूर्व नपाध्यक्ष ललित पालीवाल ने सा पत्नी भगवान का अभिषेक किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पुरुष एवं मातृ शक्तियों ने भी अभिषेक में अपनी सभागिता की ताकि मंत्र उपचार के साथ ब्राह्मणों के द्वारा भी जीवित पूजन कराया गया। वही शाम को 4रू00 बजे पंडितवाड़ी से भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकाली गई जो नगर में होती हुई परशुराम चैराहे पहुंची जहां भगवान परशुराम जी का पूजन की गई। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा युवा अध्यक्ष दीपक शर्मा महिला मंडल अध्यक्ष शिखा शर्मा ने सभी समाज बंधुओ का स्वागत किया। इस दौरान तहसीलदार मनोज शर्मा, पटवारी आशीष पांडे, रमेश चंद्र जोशी, कैलाश शर्मा, प्रकाश तिवारी सहित चल समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे।

**जगह-जगह हुआ स्वागत**

सर्वे ब्राह्मण समाज के आराध्याय भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के पुरुष एवं महिला सनातन वेशभूषा में दिखे वही जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी साथ रहा।

### चोरी की नियत से दिनदहाड़े घर में घुसा, लोगों ने रंगेहाथ पकड़कर जमकर धुना

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनपुरा लालधाऊ में एक घर में दिन दहाड़े चोरी करने घुसे चोर को लोगों ने पड़कर जमकर धुन दिया। रस्सी से बांधा और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। सिविल लाइन थाना टीआई शाहबाज खान ने बताया कि आरोपी ने 6 तारीख को भी इसी घर में चोरी को अंजाम दिया था। कुछ नकदी और गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया था। उस वक्त किसी ने इस चोरी के बारे में शिकायत नहीं की। वहीं अब फिर उसी चोर द्वारा फिर से उसी घर में चोरी करने की नीयत से ताला तोड़ा। तभी घर मालिक और आस पड़ोस वालों ने उसे पकड़ लिया। रस्सी से बांधकर पुलिस के हवाले किया। टीआई ने बताया कि आरोपी शातिर चोर है। पहले भी पांच चोरी के अपराध उसे पर दर्ज हैं।

# अपहृत बालिका को 30 घंटे में ढूंढ निकाला, आरोपी गिरफ्तार

## 'आपरेशन मुस्कान' के तहत की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों पर त्वरित संज्ञान लेकर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे 'आपरेशन मुस्कान' के तहत थाना भोजपुर की पुलिस टीम ने अपहृत बालिका को दस्तयाब करने में सफलता अर्जित की है। 7 मई 2024 को फरियादी गुलाबचंद पिता धूलीलाल लोधा उम्र 45 साल निवासी गोवर्धनपुरा थाना भोजपुर ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि 7 मई 24 को मेरी 16 साल की नाबालिक लड़की लैट्रिन करने का बोलकर घर से गई थी जो अभी तक नहीं आई है जिसको मेरे गांव का मांगीलाल पिता जमनालाल लोधा बहला-फुसलाकर अपहरण कर भागा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना भोजपुर में अपराध क्रमांक 105/2024 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

भोजपुर पुलिस द्वारा नाबालिग के अपहरण के मामले को गंभीरता से लेकर लगातार प्रयासरत थे तभी पुलिस अधीक्षक राजगढ़ आदित्य मिश्रा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा के मार्गदर्शन मे मामले की गंभीरता को देखते हुये अपहृत बालिका की दस्तायाबी हेतु थाना प्रभारी भोजपुर को पुलिस टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया था। भोजपुर पुलिस टीम द्वारा बालिका की दस्तयाबी के लिए लगातार प्रयास करते हुये तभी मुखवीर द्वारा सूचना मिली की अपह्ता बालिका एवं संदेही आरोपी मांगीलाल लोधा चुरलिया बस स्टैण्ड पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर पहुंच कर देखा तो दोनों आते देखे रोक कर अपह्ता बालिका व मांगीलाल लोधा निवासी गोवर्धनपुरा थाना भोजपुर के साथ मिली जिसे पूछताछ हेतु मैं आरोपी मांगीलाल पता जमनालाल लोधा के साथ थाना लेकर आए अपहता को दस्तयाब कर व आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की। आरोपी का कृत्य धारा 363, इजाफा धारा, 376(2)(छ) भादवि, 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से आरोपी को आज दिनांक 9 मई 24 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्य में थाना प्रभारी भोजपुर निरीक्षक श्रीसुनील कुमार केवट, उप निरीक्षक आसाराम भल्लवी उप निरी अर्जुन,प्रआर, मुकेश पवैया आर, महेश मैहर आर, विक्रम सिंह आर, विशेष जाट महिला आर, पूजा कुंवर का योगदान रहा।

# परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को सुठालिया नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई समाज जनों ने भगवान परशुराम जी की नगर में जय परशुराम के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली।

चल समारोह शाम 5 बजे गाजे-बाजे के साथ राम मंदिर से शुरू हुआ जो प्रमुख मार्गो से होते हुए गांधी चैक बस स्टैंड होकर बड़े बाग मंदिर पहुंचा। इसमें शामिल समाज बंधु भजनों की थाप पर झूमते नाचते चल रहे थे।चल समारोह का स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा, शीतल पेय जल, के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा के महावीर आश्रम बड़ा बाग पहुंचने पर समाजजनों ने सामूहिक पूजा-अर्चना कर महाआरती के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया इसके ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा महिलाएँ पुरूष व बच्चे सम्मिलित थे। वहीं इस दौरान पुलिस व्यवस्था चाक-चैबंद रही।समाज जनों ने भगवान परशुराम जी की नगर में जय परशुराम के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली। चल समारोह शाम 5 बजे गाजे-बाजे के साथ राम मंदिर से शुरू हुआ जो प्रमुख मार्गो से होते हुए गांधी चैक बस स्टैंड होकर बड़े बाग मंदिर पहुंचा। इसमें शामिल समाज बंधु भजनों की थाप



पर झूमते नाचते चल रहे थे।चल समारोह का स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा ,शीतल पेय जल, के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा के महावीर आश्रम बड़ा बाग पहुंचने पर समाजजनों ने सामूहिक पूजा अर्चना कर महाआरती के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया इसके ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा महिलाएं-पुरूष व बच्चे सम्मिलित थे। वहीं इस दौरान पुलिस व्यवस्था चाक-चैबंद रही।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी सौतेले पिता को सश्रम कारावास

## अपराधी मरते दम तक रहेगा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट अब्दुल कदीर मंसूरी ने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने वाले मामले में आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी सौतेले पिता ने अपनी ही 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। न्यायाधीश ने आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास के साथ 25 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया है। अब अपराधी मरते दम तक जेल की सलाखों के पीछे ही रहेगा। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी आलोक श्रीवास्तव तत्कालीन जिला अभियोजन अधिकारी एवं वर्तमान जिला लोक अभियोजन अधिकारी जैनेंद्र कुमार जैन ने की है।

लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि सारंगपुर थाना में 1 जनवरी 2023 को पीड़िता ने अपनी मां के साथ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें उसने बताया था कि जब उसकी आयु 2 वर्ष की थी तब उसके पिता की मृत्यु हार्ट अटैक से हो गई थी। पीड़िता बालिका अपने छोटे भाई, माता एवं सौतेले पिता के साथ करीब एक साल से गौशाला में रह रहे थे। मेरी माता शादी-व्याह में खाना बनाने का काम करती है। रक्षाबंधन के करीब 5-6 महीने पहले की बात है, मेरी मम्मी खाना बनाने बाहर गई थी। मैं मेरा भाई और मेरे सौतेले पिता घर पर ही थे। मैं और मेरा भाई रात को खाना खाकर सो गए। फिर मेरे सौतेला पिता आए तो मैंने दरवाजा खोला, मेरे पिता ने मेरा मुंह दबा दिया। मैं छुडाने लगी तो मेरे हाथ मोड दिए और फिर मेरे साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी कि किसी को कुछ बताया तो तेरी मां व भाई को जान से खत्म कर दूंगा। अगले दिन मेरी मम्मी आई। मैंने डर के कारण उन्हें कुछ नहीं बताया। इस घटना के दो-तीन दिन बाद ही मेरी मम्मी काम पर गई थी और मेरा भाई स्कूल गया था। मेरे सौतेले पिता घर पर थे। उन्होंने मुझे पकड़ लिया। मैंने उन्हें मना किया, बोला पापा मत करो तो उन्होंने मुझे एक थप्पड़ मारा और मेरे साथ फिर दुष्कर्म किया। मैंने डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। पीड़िता का कहना है कि 26 दिसंबर को जब मेरा महीना नहीं आया तो, मेरी मम्मी मुझे डॉक्टर को दिखाने ले गई, तब मुझे और मेरी मम्मी को पता चला कि मैं प्रेगनेंट हूं। मेरी मम्मी ने मुझसे पूछा तब मैंने उन्हें पूरी बात बताई। जिसके बाद मेरी मम्मी मुझे अपने साथ थाने लेकर गई और सारंगपुर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने फरियादिया के आवेदन पत्र पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान आलोक श्रीवास्तव, तत्कालीन जिला लोक अभियोजन अधिकारी एवं वर्तमान भारसाधक विशेष लोक अभियोजक जैनेन्द्र कुमार जैन द्वारा न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर प्रकरण के महत्वपूर्ण गवाहों के न्यायालय में बयान कराए और तर्क प्रस्तुत किए। विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी सौतेले पिता को धारा 3 सहपठित धारा 4 की उपधारा 2 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कारावास एवं 5 हजार रू का अर्थदण्ड, धारा 5 एल सहपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कारावास एवं 5 हजार रू का अर्थदण्ड, धारा 5 (जे) (2) सहपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट में सश्रम आजीवन कारावास एवं 10 हजार रू का अर्थदण्ड एवं 3(2) 5 एससी-एसटी एक्ट में सश्रम आजीवन कारावास एवं 5 हजार रू का अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# वाहन की टक्कर से गाय की मौत



**सुठालिया।** शहर में घूमने वाली गायों के लिए हर बार गौशाला बनाने का दावा किया जाता है लेकिन हकीकत में रात के समय सड़कों पर घूमने वाली गाय दुर्घटनाओं का कारण बन रही है या तो वे अपनी जान गवां रही हैं या लोगों को घायल कर रही हैं। गुरुवार रात छभ 752 ब्यावरा से सिरोंज रोड़ पर सुठालिया से ब्यावरा जा रही सिफ्ट डिजायर कार कि टक्कर से गाय चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी की 5 गाय कि मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर लोगों कि भीड़ लग गयी और उन्होंने घायल गौ माता का प्राथमिक उपचार करा

**मौके पर डायल 100 पुलिस पहुंची घटना स्थल पर उपस्थित**

अनिल एवं सोहन सौंधीया, ने शिकायत दर्ज कराई जिसमे उन्होंने कहा कि रात को एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी वो सुठालिया तरफ से ब्यावरा की तरफ जा रही थी शराब के नशे में कार चालक तेज गति से थाने के सामने दो बाइक वालो को बचाया आगे जाकर रोड किनारे बैठी गाय को बेरहमी से कुचल दिया जिसमे 4 गाय मौके पर ही खतम हो गई एवम 2गाय सीरियस है उक्त वाहन चालक का पता लगाकर कार्रवाई की जाए।

### 21 महिलाओं सहित 103 यूनिट सारंगपुर से तो 137 यूनिट तलेन ने किया रक्तदान

# दूसरों को मिल सके नया जीवन, रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

## तलेन का 31 यूनिट ब्लड पहुंचा सीहोर तो 106 यूनिट गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल

## गायत्री प्रज्ञा पीठ तलेन के तत्वावधान में नगर के गायत्री मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर-तलेन




जहां जिले में लगातार खून की कमी बनी रहती है वहीं रक्तदाताओं या ऐसा कहें की दूसरों जीवन देने वाले दाताओं की भी कमी नहीं है। बस मौका निकालकर रक्तदान शिविर लगाकर अपना खून भी दान करते है वहीं दूसरों को भी इसकी प्रेरणा देकर इस नेक काम में सहयोग की अपील करते है। यही कारण है कि अब महिलाएं भी इस जीवनदान रूपी रक्त देने में पीछे नहीं है। शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल मानव सेवा ट्रस्ट नारायणपुर के तत्वाधान में स्वर्गीय पटेल जालमसिंह नायक पाटीदार की पुण्यतिथि में ग्राम नारायणपुर के सरदार पटेल युवा ग्रुप नारायणपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें 21 महिलाओं के साथ 103 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सारंगपुर डॉक्टर डी बड़ोदिया के द्वारा रक्तदान के लिए टीम गठित की गई जिसमें डॉक्टर देवांग शर्मा सोनू यादव स्वप्ना राय, अमित सक्सेना ,नरेंद्र वैष्णव पवन विश्वकर्मा हेमंत फौजदार रामबाबू पाटीदार सहित ग्राम नारायणपुर में उपस्थित होकर रक्तदान शिविर का कार्य किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजन में ग्राम नारायणपुर द्वारा अनुमान से ज्यादा ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में 103 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में स्वल्पाहार की व्यवस्था मुकेश नायक द्वारा की गई।

### *नगर के गायत्री मंदिर में अक्षय तृतीया पर रक्तदान शिविर का आयोजन*



*शुक्रवार को अक्षय तृतीया के शुभावसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ तलेन के तत्वाधान में नगर के गायत्री मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर वासियों एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान महोत्सव में भाग लिया। रक्तदान शिविर में ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय सीहोर को 31 यूनिट ब्लड एवं ब्लड सेंटर महात्मा गांधी चिकित्सालय भोपाल को 106 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया तथा अंत में दोनों स्थानों से आए हुए चिकित्सक दल का गायत्री परिवार द्वारा तिलक व श्रीफल से स्वागत किया गया। इसके साथ ही दोनों दलों के सदस्यों से नगर व आसपास के ग्रामीण जनों को आवश्यकता पढ़ने पर ब्लड उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया दोनों दलों के सदस्यों ने भी आवश्यकता पढ़ने पर तलेन क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकता से ब्लड उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अंत में गायत्री परिवार ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।*